आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा विभाग, राजस्थान जयपुर

क्रमांकःएफ.23(46)/लेखा/आकाशि/स्कॉलरशिप/विविध/2023–24/6993 दिनांकः 16/08/2023

समस्त प्राचार्य
राजकीय एवं निजी महाविद्यालय/जिला नोडल महाविद्यालय,
कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना एवं
देवनारायण छात्रा स्कूटी एवं प्रोत्साहन राशि योजना
राजस्थान।

विषयः–कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी एवं प्रोत्साहन राशि योजना के वर्ष 2023–24 के ऑनलाइन आवेदन पत्रों के जांच के संबंध मे।

उपरोक्त विषयान्तर्गत कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी एवं प्रोत्साहन राशि योजनान्तर्गत वर्ष 2023–24 के ऑनलाईन आवेदन पत्रों हेतु पोर्टल दिनांक 01.07.2023 से खोला गया। अधिकाशतः यह देखा गया है कि महाविद्यालय/जिला नोडल महाविद्यालय द्वारा आयुक्तालय स्तर पर निर्धारित अतिम तिथि पर ही ऑनलाईन आवेदन पत्रों की जांच की जाती है जिससे छात्राओं को ऑनलाइन आक्षेप पूर्ति हेतु पर्याप्त समय नहीं मिल पाता और आक्षेपित आवेदन पत्र छात्राओं के स्तर पर ही लंबित रह जाते है।

अंतिम तिथि पर ऑनलाईन आवेदन पत्रों की जांच की सामान्य प्रवृति के कारण अधिकाश आवेदन पत्र बिना जांच किये ही आगामी स्तर पर Demeed/Auto approved हो जाते है। जिसके कारण काफी अनियमितताएँ/शिकायते सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त होती है और विभाग द्वारा जारी वरीयता सूची भी प्रभावित होती है।

महाविद्यालय/जिला नोडल महाविद्यालय को पुनः निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त योजना के आवेदन पत्रों की ऑनलाईन जांच प्रक्रिया में महाविद्यालय एवं जिला नोडल महाविद्यालय स्तर पर यदि कोई त्रुटि पाई जाती है एवं किसी भी स्तर पर आवेदन पत्रों का Demeed/Auto approved पाया जाता है तो विभाग द्वारा आपके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। जिसके लिए व्यक्तिशः आप स्वयं जिम्मेदार होंगे। अतः ऑनलाईन आवेदनों की जांच आवेदन प्राप्ति की तिथि से 7 दिवस में ही करना सुनिश्चित किया जाए।

संयुक्त निदेशक
कॉलेज शिक्षा राज. जयपुर

क्रमांकःएफ.23(46)/लेखा/आकाशि/स्कॉलरशिप/विविध/2023–24/6994 दिनांकः 16/08/2023

प्रतिलिपि–प्रभारी वेबवाइट को विभागीय वेबसाई पर अपलोड हेतु।

संयुक्त निदेशक
कॉलेज शिक्षा राज. जयपुर

d:\scholarship\miscellenious\steps for schoalrship.docx

Signature valid
Digitally signed by Garima Lata
Designation: Joint Director
Date: 2023.08.16 18:01:49 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4530114